संक्षिप्त समाचार

अवैध खनन पर तहसील प्रशासन का चला हंटर

अयोध्या : जनपद के सोहावल तहसील प्रशासन ने अवैध खनन पर शिकंजा कसने का फरमान अपने विभागीय कर्मियो को दे रक्खा है। इसे लेकर मिट्टी खनन करने वालो की मुसीबत इस कदर बढ़ गई है कि रोड पर मिट्टी लदी ट्रालिया नजर आते ही इन्हे लाकर तहसील या थाने में खड़ा कर दिया गया है। उप जिलाधिकारी अशोक कुमार सैनी व तहसीलदार विनोद कुमार चौधरी ने तहसील के राजस्व कर्मियों को सख्त निर्देश दिया है कि क्षेत्र में अबैध खनन नही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस कर्मचारी के क्षेत्र में अबैध खनन पाया जायेगा उस पर कड़ी कार्यवाही होगी। इसी कड़ी में शुक्रवार को हाइवे पर एक ट्राली मिट्टी लदी देख कर तहसील दार ने इसे धर दबोचा और जांच पड़ताल के लिए तहसील मुख्यालय खींच लाए ट्रैक्टर ट्राली सहित तहसील में खड़ा कर चालक फरार हो गया। तहसीलदार विनोद चौधरी ने बताया केवल किसान की परमिट पर खनन की इजाजत है। इसकी जाँच की जा रही है यदि किसान के खेत के इतर मिट्टी जा रही होगी तो कार्यवाही होना तय है।

चौहानी के कई गांवों के कुल देवता मठ के महन्त हुए गोलोक वासी क्षेत्र में शोक की लहर

अयोध्या : सोहावल तहसील क्षेत्र के रामनगर धौरहरा न्याय पंचायत अन्तर्गत बरई खुर्द गाँव स्थित बाबा गौरैया देव मन्दिर के महन्त 'मानस रत्न' 'मानस मनीषी' 'विद्यावाचस्पति' श्री अयोध्या मानव सेवा समिति के संरक्षक सन्त श्रीसीताराम जी के गो लोक वासी होने की खबर सुनते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। गोलोक वासी होने की खबर की जानकारी होते ही बीकापुर विधानसभा के विधायक डॉ अमित सिंह चौहान बरई खुर्द गांव में स्थिति गोरईया देव मन्दिर पर पहुँचकर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि मंहत सन्त सीताराम दास जी के गोलोक वासी होने की दुखद सूचना प्राप्त हुई मन बहुत ही दुखी हैं हमारे परिवार पर हमेशा महाराज जी का आशीर्वाद बना रहता था मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूँ कि मुझे ऐसे बुद्धिमान व्यक्ति का सानिध्य, स्नेह और आशिर्वाद मिला मानवता के सच्चे भक्त, श्री सीताराम दास जी का निधन मेरे लिए एक व्यक्तिगत क्षति हैं महाराज जी प्रत्येक व्यक्ति के कल्याण के अपने संकल्प के प्रति निस्वार्थ रुप से प्रतिबद्ध रहे महाराज जी क्षेत्रवासियों के लिए विचारक,दार्शनिक, और सामाजिक कार्यकर्ता इन सभी भूमिकाओं में समाज का मार्गदर्शन किया वह बाहर से सहज, सरल,और सौम्य थें लेकिन अन्दर से वह बज्र की तरह कठोर एक साधक थे महाराज जी का जीवन युगों -युगों तक ध्रुव तारें की तरह भावी पीढ़ियों को मार्ग दिखाता रहेगा। इस अवसर पर न्याय पंचायत क्षेत्र की बड़ी संख्या में भक्त व उनके अनुयायी उपस्थित रहे।

बहुचर्चित उग्र आंदोलन में पूर्व मंत्री सरदार सिंह समेत आधा दर्जन आरोपी बरी

मथुरा। राया थाना क्षेत्र के 17 वर्ष पूर्व बहुचर्चित उग्र आंदोलन में एडीजे एमपी-एमएलए पंचम की अदालत शुक्रवार (आज) पूर्व मंत्री सरदार सिंह सहित छह आरोपियों को बरी कर दिया। विशेष लोक अभियोजक हरेंद्र शर्मा द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि राया थाना क्षेत्र में 17 वर्ष पूर्व बेमौसम वर्षा व ओलावृष्टि से गेहूं, सरसों और जौ की फसल पूरी तरह से चौपट हो गई थी। इसे लेकर किसानों ने आक्रोश शुरू किया था, जो कई दिनों तक चला था। इसी आंदोलन में 22 मार्च 2007 को आंदोलन ने बड़ा रूप ले लिया था। सिग्नल तोड़कर ट्रेनें रोकी गई थीं। ट्रेनों पर पथराव किया गया। लोग राया स्टेशन पर ट्रेनों के आगे लेट गए थे। तत्कालीन जिलाधिकारी सहित प्रशासन का अमला मौके पर पहुंचा था। आक्रोशित लोगों ने पथराव कर दिया था। इसमें जिलाधिकारी सहित कई लोग चोटिल हुए थे। प्रशासन ने आंदोलन की वीडियो रिकार्डिंग कराई थी। पुलिस ने मुकदमे में पूर्व मंत्री सरदार सिंह के नेतृत्व में आंदोलन दिया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके 53 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। अदालत ने सुनवाई में 47 लोगों को पहले में ही बरी कर दिया था। पूर्व मंत्री सरदार सिंह निवासी कारब राया सहित प्रह्लाद निवासी बिसावली, छत्रपाल निवासी जासा, असलम खान उर्फ अस्सो निवासी मुहल्ला व्यापारियान, राजेंद्र सिंह निवासी तम्मका, रविंद्र उर्फ रवि निवासी मगदा मांट पर अदालत ने बरी कर दिया।

वृन्दावन में प्रियाकान्त जू मंदिर की 'हाइड्रोलिक होली' 25 मार्च को होली दहन के बाद खेली जाएगी होली

मथुरा। वृन्दावन में प्रियाकान्तजु मंदिर की प्रसिद्ध 'हाईड्रोलिक होली' 25 मार्च को खेली जायेगी । मंदिर प्रांगण में आयोजित भव्य होली महोत्सव में देवकीनदंन ठाकुरजी महाराज श्रीमद्भागवत कथा रसापान करायेगें । मंदिर कोष से ब्रज की बेटियों को शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता दी जायेगी । आयोजन के लिये मंदिर प्रबंधन ने तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। मंदिर प्रबंधक रवि रावत ने बताया कि विश्व शांति सेवा चैरीटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में 18 से 24 मार्च तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा । 25 मार्च को होलिका दहन से पूर्व सुबह 11 बजे से मंदिर प्रांगण में सात प्रकार की होली प्रारम्भ होगी । श्रद्धालुओं के बीच फूलों की होली, लड्डू-जलेबी होली, रसिया गायन होली, भजन नृत्य होली, लठामार होली, गुलाल की होली और अंत में टेसु के रंगों की होली खेली जायेगी। हर बार की तरह इस बार भी मंदिर अट्टालिका से श्रद्धालुओं पर हाईड्रोलिक पिचकारी से श्रद्धालुओं पर टेसू के फूलों से बने रंग बरसाये जाएंगे। आयोजन में भाग लेने के लिये देश के विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु मंदिर पहुँचने लगे हैं।

125 बेटियों को शिक्षा के लिये मिलेगा 'प्रियाकान्तजू कन्या विद्याधन' : कार्यक्रम मीडिया प्रभारी जगदीश वर्मा ने बताया कि होली महोत्सव में प्रियाकान्त जू मंदिर कोष से ब्रज की जरूरतमंद 125 बेटियों को शिक्षा के लिये 'प्रियाकान्तजू कन्या विद्याधन' वितरित किया जाता है । इस बार भी देवकीनंदन महाराज चयनित बेटियों में प्रत्येक को शिक्षा के लिये 5100 रूपये की धनराशि प्रदान करेंगे।

दुष्कर्म के मामले में आजीवन कारावास, पॉक्सो कोर्ट ने फिर सुनाया फास्ट फैसला

मथुरा । मथुरा जिले के महावन थाना क्षेत्र अंतर्गत पिछले वर्ष आठ महीने की नाबालिग से दुष्कर्म के प्रकरण में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट रामकिशोर की अदालत शुक्रवार को फैसला सुना दिया। अदालत ने दुष्कर्म के दोषी मुंहबोले पड़ोसी चाचा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।साथ ही 52 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। पॉक्सो कोर्ट न्यायालय में शासन की ओर से मुकदमे की पैरवी करने स्पेशल डीजीसी श्रीमती अलका उपमन्यु ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रभावी पैरवी से मासूम के साथ हुए दुष्कर्म के मुकदमे में अदालत ने कोर्ट के नव्वे वर्किंग डे में फैसला सुना दिया है। स्पेशल डीजीसी श्रीमती अलका उपमन्यु ने बताया कि महावन थाना क्षेत्र के एक पीड़ित ने पुलिस को दिए शिकायती-पत्र में बताया, 24 सितंबर 2023 को रात साढ़े आठ बजे उसकी आठ वर्षीय बेटी पुराने घर से नए घर की तरफ आ रही थी। रास्ते में एक पार्क के कमरे में लहूलुहान हालत में बेहोश मिली। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके साथ गलत काम किया है। इस मामले पुलिस जांच के बाद मुंहबोले पड़ोसी चाचा रंजीत को गिरफ्तार कर आरोप-पत्र अदालत में पेश किया। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट रामकिशोर की अदालत ने बुधवार को आरोपित रंजित पर दोषसिद्ध कर दिया था। शुक्रवार को अदालत ने मुंह बोले पड़ोसी चाचा रंजीत को पोक्सो अधिनियम की धारा - 6 तहत तथा पचास हजार अर्थदंड और आजीवन कारावास की सजा तथा धारा 506 में 2 वर्ष की सजा दो हज़ार का अर्थदंड लगाया है। अभियुक्त राजीव को आजीवन कारावास एवं कुल अर्थ दंड 52 हजार रुपए का लगाया गया है। सजा का ऐलान होते ही कोर्ट ने अभियुक्त रंजीत को जेल भेज दिया है।

आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी के बदले कार्य क्षेत्र

मथुरा । लोकसभा चुनाव 2024 की तारीख के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू होने के निर्वाचन आयोग से संकेत मिलते ही डीएम और एसएसपी ने अधिकारियों के कार्यक्षेत्र भी बदल दिए। भारत निर्वाचन आयोग 16 मार्च को अपरान्ह में चुनावों की तिथियों के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता की घोषणा कर देगा। डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह ने दो छाता तहसील के तहसीलदार की जिम्मेदारी रजनीश कुमार को दी है, जबकि मनोज कुमार को इसी तहसील का न्यायिक तहसीलदार नियुक्त किया है। इधर एसएसपी ने भी कुंवर आकाश सिंह को सदर सर्किल का क्षेत्राधिकारी बनाया है तो प्रवीण कुमार मालिक को शहर सर्किल का सीओ नियुक्त किया है। इसके साथ ही थाने और चौकियों पर तैनात निरीक्षक और उपनिरीक्षक के कार्यक्षेत्र में भी बदल दिए हैं। शनिवार सुबह तक अभी और अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले जा सकते हैं।

अग्रवाल महिला समिति ने किया संगोष्ठी का आयोजन

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर हुई संगोष्ठी, नीरज ने कहा, राम से राष्ट्र है

अशफाक चौधरी

मथुरा। राष्ट्र सेविका समिति के चिन्मयी महिला विमर्श एवम श्री अग्रवाल महिला समिति द्वारा अग्र वाटिका में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी का शुभारंभ भारत माता के चित्रपट पर कार्यक्रम की मुख्य वक्ता साध्वी नीरजा शरणार्थी, अध्यक्ष श्रीमती मधु अग्रवाल, मुख्य अतिथि डॉ. तन्वी दुआ, संयोजिका डॉ. सुनीता अवस्थी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया गया। संगोष्ठी दो सत्रों में हुई जिसमें पहले सत्र का विषय' राम से राष्ट्रत्व की ओर था जिस पर नीरजा ने अपना मुख्य उद्बोधन दिया। नीरजा ने कहा कि राम से राष्ट्र है। राम दशरथ पुत्र नहीं राजा नहीं वे स्वयं धर्म है। जब राम आते हैं। तब राम राज्य आता हैं। राम त्रेता युग के हैं किन्तु उनके शासन काल में सतयुग प्रतिष्ठित है। संगोष्ठी में डॉ तन्वी दुआ जी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि राम राज्य की स्थापना के लिए हम सबको भी उनके जैसा आचरण अपनाना पडेगा,सतगुण युक्त होना पडेगा तब हमारा राम से राष्ट्रत्व की संकल्पना सिद्ध होगी।

अध्यक्षता मधु अग्रवाल ने कहा इस कार्यक्रम से हमें कुछ सीख लेकर जानी चाहिए। दूसरे सत्र परिचर्चा का था जिसका विषय 'राम के निर्माण में महिलाओं का योगदान' जिसे डॉ नीतू गोस्वामी द्वारा लिया गया। उन्हांने महिलाओ से रामायण को आधार बनाते हुए राम से जुडे एवं संस्कृति, परम्पराओं वर्तमान में नारी के व्यवहार आचरण पर चर्चा की और उनके प्रश्नों का समाधान भी किया। उन्होंने कहा रामायण में प्रत्येक महिला आदर्श है जिसने राम को राम बनाया है। आज आवश्यकता है ऐसे आदर्श चरित्रों को अपनाने की। डा् आयुषी कहा कि हमें पुनः जाग्रत होने की आवश्यकता है।

हम सदैव से शक्ति सम्पन्न है बस अपने स्व को भूल जाती हैं। कार्यक्रम का संचालन सह संयोजिका डॉ दीपा अग्रवाल जी द्वारा किया गया। संगोष्ठी में ठुमक चलत राम चंद्र और सबरी के राम पर मनमोहक प्रस्तुति भी दी गयी। संगोष्ठी का समापन वंदे मातरम से हुआ। संगोष्ठी में राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत कार्यबाहिका, प्रांत बौद्धिक प्रमुख डॉ मालती मिश्रा, आशा अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल,मीरा मित्तल, ममता भारद्वाज, प्रीति बंसल, पूजा शर्मा, कविता अग्रवाल, मंजुला, नीलम खण्डेलवाल, राधा सैनी, शिप्रा राठी तथा अन्य बहिनें उपस्थित रहीं।

भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ ने तहसीलदार को सात सूत्री माँग पत्र सौपा

तेजयुग न्यूज

अयोध्या : भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ अयोध्या की तहसील सोहावल इकाई सोहावल ने राष्ट्रीय संयोजक भगवान प्रसाद उपाध्याय के निर्देश पर पत्रकार हितों की सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय माँग पत्र तहसीलदार सोहावल विनोद कुमार चौधरी को तहसील अध्यक्ष प्रदीप कुमार पांडे जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम कल्प पाण्डेय के नेतृत्व में सौपा है। तहसील अध्यक्ष प्रदीप कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्देश पर पत्रकार हितों की सुरक्षा के लिए इस मांग पत्र में सभी राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों में अधिमंता के लिए बनाई गई नियमावली में एकरूपता बनाए जाने की व्यवस्था पूरे देश में समान रूप से लागू होनी चाहिए।

पूरे देश के पत्रकारों के परिवार के सदस्यों के इलाज की समुचित व्यवस्था सरकार द्वारा मुफ्त किया जाए। आए दिन देश के पत्रकारों के उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए सदन में कानून बनाकर कारगर उपाय करना चाहिए। सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाना तथा 50 वर्ष पूर्ण कर चुके पत्रकारों को 30000 मानदेय की व्यवस्था बनाई जाए। मान्यता प्राप्त की बाध्यता को हटाया जाए ऐसे स्वतंत्र पत्रकार जो 20 वर्ष पत्रकारिता में योगदान दे चुके हैं उन्हें भी इसमें शामिल किया जाए। देश के टोल प्लाजा पर पत्रकारों से टोल टैक्स न लिया जाए। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में तहसील के लीगल एडवाइजर एडवोकेट सुधीर मिश्रा संयुक्त सचिव शिव शंकर वर्मा राजेश शर्मा,आदि शामिल रहे।

रश्मि गोविल ने संभाला इंडियन ऑयल के निदेशक (मानव संसाधन) का पदभार

अशफाक चौधरी

मथुरा। सुश्री रश्मि गोविल ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (इंडियन ऑयल), फॉर्च्यून-500 ऊर्जा कंपनी, में निदेशक (मानव संसाधन) का कार्यभार संभाला लिया है। सुश्री रश्मि गोविल मानव संसाधन में एमबीए और वित्त में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त हैं।

1994 में इंडियनऑयल से जुड़ने के बाद मानव संसाधन के विभिन्न पहलुओं में लगभग उनको तीन दशकों का समृद्ध अनुभव हासिल है। निदेशक (मानव संसाधन) के रूप में नियुक्त होने से पहले, वह कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय में कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन विकास और कर्मचारी संबंध) के रूप में कार्यरत थीं। सुश्री गोविल ने इंडियनऑयल के रिफाइनरी मुख्यालय में भी काम किया है, साथ ही मथुरा रिफाइनरी यूनिट में चुनौतीपूर्ण कार्यों को पूरा किया है।

उनके समृद्ध और विविध अनुभव ने इंडस्ट्रियल रिलेशन्स विशेषज्ञ के रूप में पहचान बनाई है। इसके अलावा मुआवजे, परफ़ोर्मेंस प्रबंधन, भर्ती, नीति निर्माण, उत्तराधिकार योजना और सिस्टम प्रबंधन पर भी उनकी गहरी समझ है। सुश्री गोविल अपने परिणाम-केंद्रित, सहयोगात्मक और समावेशी शैली के लिए जानी जाती हैं और उन्होंने कंपनी के साथ-साथ उद्योग के लिए कई रणनीतिक पहल की शुरुआत भी की है। उन्होंने इनोवेशन सेल 'सृजन', मानव संसाधन में एसएपी सोल्यूशन और इंडियन ऑयल यूनियन के साथ दीर्घकालिक वेतन समझौते सहित कलेक्टिव्स के साथ कई ऐतिहासिक समझौतों का भी नेतृत्व किया है। कोविड-19 महामारी के दौरान, सुश्री गोविल ने विविधता, समावेशन और कर्मचारियों के लिए कई नीतियों में संशोधन किया। निदेशक (मानव संसाधन) के रूप में उनकी नियुक्ति इंडियनऑयल में उनके अनुकरणीय योगदान और ऊर्जा क्षेत्र में मानव संसाधन के भविष्य के लिए उनके दृष्टिकोण का एक प्रमाण है। सुश्री रश्मि गोविल के पदभार ग्रहण करने के बाद अब इंडियनऑयल बोर्ड में दो महिला निदेशक मौजूद हैं।

कोसी पुलिस ने ट्रक से जब्त की 25 लाख कीमत की 450 पेटी अंग्रेजी अवैध शराब, तस्कर अरेस्ट

अशफाक चौधरी

मथुरा। थाना कोसीकलां पुलिस ने आज अवैध रूप से लायी जा रही 25 लाख रूपये की अंग्रेजी शराब को तस्कर सहित पकड़ा है। गौरतलब हो कि कोसीकलां हताना कट पर पुलिस बैरियर लगा कर चैकिंग कर रही थी। तभी हॉडल की तरफ से आ रहे एक ट्रक के चालक ने पुलिस की चैकिंग को देख ट्रक को खेतों की तरफ मोड लिया और ट्रक को वहां खडा कर भागने लगा। पुलिस ने उसे घेर कर पकड़ लिया।

पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम शिवम कुमार पुत्र सतीश कुमार नि. सुभाष नगर पावर हाउस कॉलौनी कालका थाना पिंजौर जिला पंचकुला हरियाणा बताया है। पुलिस ने ट्रक आयशर केंटर आर जे 21 जीसी 8247 की तलाशी में 450 पेटी (4200 लीटर) अंग्रेजी शराब पंजाब मार्का बरामद की जिसकी अनुमानित लागत 25 लाख बताई जा रही है। पत्रकार वार्ता में एसएसपी शैलेश पाण्डेय ने बताया कि जनपद पुलिस ने पिछले एक हफ्ते में लगभग बीस हजार लीटर शराब पकडी है। जिसमें आधा दर्जन से अधिक अभियुक्त पकडे गये है। आगामी चुनाव व त्यौहारों को देखते हुए चैकिंग में और तेजी लायी जायेगी। इस दौरान एसपी देहात त्रिगुण बिसेन व सीओ छाता आशीष शर्मा मौजूद थे।

समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा के प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक समापन

तेजयुग न्यूज

मथुरा। नंदगांव (मथुरा) परिषदीय विद्यालयों में विकलांग छात्रों को समेकित शिक्षा शिक्षा के अंतर्गत समावेशी शिक्षा के माध्यम से सामान्य छात्रों की श्रेणी में लाया जाए उक्त विचार विकलांग छात्रों के नोडल प्रधानाध्यापकों के प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि बीईओ कैलाश प्रसाद शुक्ला ने व्यक्त किए उन्होंने कहा कि विकलांग बच्चों का भविष्य उज्जवल सिर्फ पढ़ाई के माध्यम से ही बनाया जा सकता है।

उल्लेखनीय रहे कि शासन के निर्देशन में परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं अध्यापकों को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षिक स्तर को सुधारने के लिए तरह तरह-तरह के प्रशिक्षण वर्तमान में डाइट से लेकर बीआरसी पर संचालित किए जा रहे हैं।इसी क्रम में नंदगांव ब्लाक संसाधन केंद्र पर फरवरी माह में प्रथम चरण के प्रशिक्षण देने के उपरांत द्वितीय चरण का प्रशिक्षण ग्यारह मार्च से शुरू हुआ। पांच-दिवसीय प्रशिक्षण में समापन समारोह में समस्त एआरपी गणों जैसे कि नोडल एआरपी राजेश कुमार, वरिष्ठ एआरपी नवीन कुमार शर्मा, अन्य में दिनेश कुमार, योगेश कुमार,डा.प्रांशु शर्मा ने अपने अपने विचारों से अवगत कराया। प्रशिक्षण में संदर्भदाता प्रदीप कुमार मिश्रा एवं उमाशंकर द्वय ने प्रत्येक दिन अलग-अलग अंदाज में मूक-बधिर छात्रों को समेकित शिक्षा के माध्यम से समावेशी शिक्षा द्वारा शैक्षिक गतिविधियों के द्वारा कैसे मुख्य धारा से जोड़कर सामान्य छात्रों की श्रेणी में लाया जा सकता है इससे प्रशिक्षार्थियों को अवगत कराया।इस अवसर पर उपस्थित लोगों में बीईओ कैलाश प्रसाद शुक्ला, एआरपी राजेश कुमार, नवीन कुमार शर्मा, दिनेश कुमार, योगेश कुमार,डा.प्रांशु शर्मा, संदर्भदाता प्रदीप कुमार मिश्रा, उमाशंकर, कंप्यूटर टैक्निकल प्रभारी विनय कुमार मिश्रा, कुंजबिहारी, नवीन शर्मा,अमर शर्मा, पंकज, ओमप्रकाश, अशोक शर्मा आदि के अलावा ब्लाक के चौरासी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का जनसमूह प्रशिक्षार्थियों के रूप में था।

एक वर्ष में टूट गई लाखों की लागत से बनी सीसी सड़क, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

महराजगंज तराई : विकासखंड तुलसीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवचरन डीह के मजरे फाजिलडीह में पंचायती राज विभाग से कराए गए सी सी रोड निर्माण कार्यों की एक वर्ष में ही पोल खुल गई है। कार्य की गुणवत्ता को लेकर लापरवाही से लगभग तीन लाख की लागत से बनी सीसी सड़क महज एक वर्ष में टूट गई है।गांव के नवल कृष्ण मालवीय ने खंड विकास अधिकारी तुलसीपुर को शिकायती पत्र देकर बताया है कि ग्राम पंचायत में सीसी रोड निर्माण में मानक की अनदेखी करते हुए घटिया सामग्री से सीसी रोड का निर्माण ग्राम पंचायत निधि से कराया गया था। सीसी रोड गुणवत्ता पूर्ण न होने के कारण एक वर्ष भी नहीं चल सका। निर्माण कार्य की गुणवत्ता खराब होने से सड़क जगह-जगह टूटकर बिखर गई है। गांव में विकास कार्यों में भारी अनियमितता हो रही है। यहां निर्माण कार्यों में जमकर मानक की धज्जिया उड़ाई गईं।

ई-वेस्ट जागरुकता : कार्यशाला सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ

अशफाक चौधरी

मथुरा। अमर नाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट के सात दिवसीय शिविर का आरंभ समाज सेवी संस्था हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया एवम सहयोगी कंपनी करो संभव प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित ई वेस्ट जागरुकता कार्यशाला से हुआ।

परियोजना अधिकारी निर्भय सिंह ने ई वेस्ट इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के बारे में बताते हुए समझाया की किस तरह वेस्ट इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से हमारा पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है एवं ग्लोबल वार्मिंग का गंभीर खतरा बढ़ गया है। छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया कि किस प्रकार घर और दुकानों पर पड़े ई वेस्ट को रिसाइकल करने के लिए हमे भेजना चाहिए,ताकि वह दुबारा मानव जीवन में सुरक्षित उपयोग में लिया जा सके। इस कार्यक्रम में कॉलेज की एन एस एस यूनिट की सभी छात्राओं ने भाग लिया।

ज्ञात हो की ई वेस्ट परियोजना कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के मथुरा एवम राजस्थान के अलवर जिले में चल रहा है । उन्होंने बताया कि शोध द्वारा प्रमाणित हुआ है की ई वेस्ट, इलेक्ट्रॉनिक आइटम हमारे पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है । कॉलेज के प्राचार्य डा अनिल वाजपई जी ने ई-वेस्ट को मानवता का साइलेंट किलर बताते हुए समाज को प्रशिक्षित एवं जागरूक करने के लिए ह्यूमना संस्था का आभार जताया। प्रवक्ता रोहित वाजपेई ने ई वेस्ट के खतरे से निपटने के उपाय के बारे में छात्राओं को बताया। इस कार्यशाला में छात्राओं को प्रशिक्षण हेतु ई- वेस्ट निस्तारण पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई।

शिविर के आरंभ में कॉलेज के एन एस एस कार्य अधिकारी डॉ निर्मल वर्मा ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन एवम संयोजन प्रवक्ता नूतन देहर ने किया। सात दिवसीय शिविर के शुभारंभ में आयोजित इस कार्यशाला में छात्राओं का उत्साह देखते ही बनता था ।इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्रवक्ता उपस्थित रहे।

मथुरा के एसएसपी ने किये तबादले

तेजयुग न्यूज

मथुरा। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले मथुरा में एसएसपी ने दो पुलिस उपाधीक्षकों चार थाना प्रभारियों सहित दो दर्जन उपनिरीक्षको के तबादले की लिस्ट जारी की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार देर रात सीओ सिटी सहायक पुलिस अधीक्षक कुंवर आकाश सिंह को सीओ सदर सीओ सदर प्रवीण मालिक को सीओ सिटी बनाया है।

इसके अलावा अजीत सिंह प्रभारी निरीक्षक पर्यटक थाना से प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकला भगवत सिंह गुर्जर पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक थाना मांट अरुण कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकला से अपराध शाखा प्रदीप कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना मांट से प्रभारी निरीक्षक पर्यटक थाना बनाया है। वही उपनिरीक्षक अमित आनंद को चौकी प्रभारी बालाजीपुरम थाना हाईवे से चौकी प्रभारी बाजना थाना नौहझील दीपक नागर चौकी प्रभारी राधापुरम स्टेट थाना हाईवे से थाना राया अर्जुन सिंह थाना राया से चौकी प्रभारी परखम थाना फरह आलोक सिंह पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी मानागढ़ी थाना नौहझील नीरज भाटी चौकी प्रभारी बिरला मंदिर से चौकी प्रभारी सिविल लाइन थाना सदर बाजार मोमराज सिंह पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी रॉल थाना जैंत अरुण कुमार पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी बिरला मंदिर थाना गोविंद नगर चेतन कुमार भारद्वाज पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी बालाजीपुरम थाना हाईवे लोकेंद्र सिंह पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी राधापुरम स्टेट थाना हाईवे शिवकुमार शर्मा थाना पर्यटक से चौकी प्रभारी बिहारी जी थाना वृंदावन अशोक कुमार चौकी प्रभारी बिहारी जी वृंदावन से चौकी प्रभारी फरह टोल थाना फरह रंजीत नागर पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी अद्धा थाना वृंदावन दीपक तिवारी चौकी प्रभारी मथुरा गेट थाना वृंदावन से थाना पर्यटक अमित कुमार चौकी प्रभारी सिविल लाइन थाना सदर बाजार से चौकी प्रभारी सेही थाना शेरगढ़ मनोज कुमार चौकी प्रभारी परखम थाना फरह से पुलिस लाइन प्रमोद नेने चौकी प्रभारी बाजना थाना नोहझील से थाना नोहझील महिपाल यादव चौकी प्रभारी राल थाना जैंत से थाना कोतवाली संजय यादव थाना मगोर्रा से थाना हाईवे ऋषभ कुमार को थाना हाईवे से पुलिस लाइन राजकुमार पुलिस लाइन से न्यायालय सुरक्षा देवेंद्र सिंह पुलिस लाइन से न्यायालय सुरक्षा नेत्रपाल सिंह पुलिस लाइन से केजेएस/एसआईएम साबिर अली पुलिस लाइन से केजेएस/एसआईएम में तैनात किया है। वहीं उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार शर्मा पुलिस लाइन से थाना गोविंद नगर किया गया स्थानांतरण निरस्त किया गया है।

स्वर्णकार समाज का होली मिलन समारोह 19 मार्च को

तेजयुग न्यूज

मथुरा। अखिल भारतीय स्वर्णकार जनजागृति एसोसियेशन के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन 19 मार्च को बैकुंठ राधिका फॉर्म ,सकरवा रोड, गोवर्धन ,मथुरा में किया जा रहा है ।राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुजीत वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत 18 मार्च को सामूहिक रूप से गिरिराज जी की परिक्रमा की जाएगी।

19 मार्च को प्रातः गिरिराज जी का अभिषेक, सांस्कृतिक कार्यक्रम व सम्मान समारोह का आयोजन होली मिलन समारोह के अंतर्गत किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सालिग राम बटिया अध्यक्ष नगर पंचायत फरह, विशिष्ट स्थिति के रूप में डा .प्रवीण कुमार वर्मा, एसडीओ विद्युत विभाग रमेश सोनी, और प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण कुमार वर्मा भाग लेंगे। गिरिराज जी का अभिषेक जगदीश सोनी सुनीता सोनी, राजकुमार वर्मा रंजना वर्मा, मोहनलाल वर्मा मंजू वर्मा ,प्रदीप सोनी रुपाली सोनी द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों में युवा प्रदेश अध्यक्ष सौरभ वर्मा,राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश वर्मा,जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा,दिनेश वर्मा,हरिओम वर्मा,युवा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप वर्मा ,पंकज स्वर्णकार,राकेश वर्मा, तोता राम वर्मा,गोपेश सोनी,विष्णु सोनी,विपिन वर्मा,मनसुख लाल,हरे कृष्ण वर्मा,शिवम वर्मा,दाऊदयाल सोनी,सूरज सोनी एवम अन्य पदाधिकारीगण जुटे हुए हैं।